एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर का गुडबाय किस सोशल मीडिया पर वायरल

दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर ऐसे स्टार्स हैं जिनकी ऑनस्क्रीन जोड़ी फैन्स को काफी पसंद आती है। यहां तक कि जब तक दीपिका न` रणबीर सिंह से शादी नहीं की थी तब तक लोग बीटाउन की इस टॉप ऐक्ट्रेस के साथ रणबीर के पैचअप और फिर शादी की उम्मीद लगाए रहते थे। इन दोनों सितारों के रिश्ते में एक समय भले ही कड़वाहट आ गई थी लेकिन आज भी इनके बीच का बॉन्ड और दोस्ती का रिश्ता कितना अच्छा है इसकी झलक हाल ही में देखने को मिली।

दरअसल, दीपिका और रणबीर हाल ही में एक ऐड शूट के सेट पर साथ दिखाई दिए थे। यहां से जाने के दौरान दोनों ने एक-दूसरे को क्लोज फ्रेंड्स की तरह गले लगाया और गाल पर किस किया। उनके इस हग और किस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। रिलेशनशिप के मामले में अपनी-अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके रणबीर और दीपिका इस दौरान इतने सहज लग रहे थे कि फैन्स भी इनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। कुछ फैन्स यह भी कहते दिखे कि दोनों की जोड़ी वाकई काफी अच्छी लगती है। एक यूजर ने तो यह भी लिखा कि रणवीर को भूल जाइए। दीपिका और रणबीर की जोड़ी ही बेस्ट है।

हालांकि कुछ लोग ऐसे भी रहे जिन्हें दीपिका और रणबीर का स्विट जेस्चर पसंद नहीं आया। उन्होंने कॉमेंट किया कि एक्स को इस तरह से गले लगाने की जरूरत नहीं थी। वहीं कुछ लोगों ने फनी कॉमेंट करते हुए रणबीर को आलिया भट्ट पर ज्यादा ध्यान देने की सलाह भी दी।

बता दें कि, रणबीर कपूर इन दिनों आलिया भट्ट के साथ रिलेशनशिप में हैं। यह तक कहा जा रहा है कि दोनों अपने रिश्ते को लेकर इतने ज्यादा सीरियस हैं कि जल्द शादी कर सकते हैं।

आदित्य रॉय कपूर ने शुरू की मलंग की शूटिंग

आदित्य रॉय कपूर की अगली फिल्म मलंग की शूटिंग शनिवार से शुरू हो गई। इस बात की जानकारी मलंग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से दी गई। फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी कर रहे हैं। फिल्म २०२० में वैलंटाइन डे पर रिलीज होगी। फिल्म में आदित्य के साथ ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी नजर आएंगी। ऐसा पहली बार होगा कि आदित्य और दिशा एक साथ फिल्म में काम करेंगे। इस रोमांटिक हॉरर फिल्म आदित्य और दिशा के अलावा अनिल कपूर और कुनाल खेमू भी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, मोहित सूरी के साथ काम करने का आदित्य रॉय का यह दूसरा मौका होगा। इससे पहले दोनों ने आशिकी-2 में काम किया था। बता दें कि आदित्य रॉय कपूर अभिषेक वर्मा की अपकमिंग मल्टीस्टारर फिल्म कलंक में नजर आएंगे। इसके अलावा महेश भट्ट के निर्देशन में बनने वाली फिल्म सड़क-2 में भी दिखाई देंगे। इस फिल्म आलिया भट्ट काम कर रही हैं। यह फिल्म संजय दत्त और पूजा भट्ट की 1991 में आई सड़क सीक्वल है।

अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सारा, जाह्नवी को भी टक्कर दे रहीं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने अभी बॉलिवुड में डेब्यू भी नहीं किया है, लेकिन काफी पहले से ही वह इंटरनेट पर सभी के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी ज़बरदस्त है। अनन्या करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द

ईयर 2 से डेब्यू करने वाली हैं। कुछ ही महीनों में उनकी यह फिल्म रिलीज़ हो जाएगी और फैंस अभी से अनन्या को लेकर क्रेज़ी हैं। अगर आपने अनन्या पांडे का इंस्टाग्राम अकाउंट देखा होगा तो इस क्रेज़ की वजह आसानी से समझ जाएंगे। अनन्या अभी सिर्फ 19 साल की हैं, लेकिन फैशन और स्टाइल को लेकर उनकी चॉइस और समझ कमाल की है। सेक्सी ड्रेस से लेकर ट्रडिशनल आउटफिट्स को वह इस नजाकत और स्टाइल से कैरी करती हैं कि लोगों की नज़रें उनसे हट ही नहीं पातीं। जब बात जिम जाने की हो तो अनन्या भले ही शॉर्ट्स को तरजीह देती हों लेकिन उनमें भी उनका ड्रेसअप अमेज़िंग होता है। अनन्या अपने स्टाइल और फैशन स्टेटमेंट के ज़रिए अपनी समकक्ष यानी जाह्नवी कपूर और सारा अली खान को कड़ी टक्कर दे रही हैं। गर्मियां आने वाली हैं और आप अगर अपने वॉरड्रोब के लिए एक अच्छा कलेक्शन प्लान कर रही हैं तो अनन्या के वॉरड्रोब से टिप्स ले सकती हैं। आपको बिल्कुल भी निराशा नहीं होगी।

फिल्म इंडस्ट्री में नहीं मिलते हैं अच्छे दोस्त: सनी लियोनी



ऐक्ट्रेस सनी लियोनी का मानना है कि एंटरटेनमेन्ट इंडस्ट्री के लोग और सबसे खराब दोस्त होते हैं। सनी लियोनी ने जूम के एक चैट शो के दौरान कहा कि जब आपको भावानात्मक या शारीरिक रूप से इन लोगों की जरूरत होगी तब कोई साथ नहीं देगा।

साथ ही कहा कि कुछ लोगों को छोड़ दिया जाए तो इंडस्ट्री में उन्हें किसी का सपॉर्ट नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कई बार हम खुद अपने जन्मदिन के लिए भी मौजूद नहीं होते हैं, किसी और के जन्मदिन की बात ही मत करिए।

सनी का कहना है कि मैं इंडस्ट्री से ज्यादा अपेक्षाएं नहीं रखती, इसलिए कभी निराश नहीं होती हूं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग मेरे बारे बाते करते रहते हैं लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। इसके आगे सनी ने कहा कि वह अपने बच्चों को लेकर बिल्कुल ट्रोल नहीं होना चाहती। बता दें कि सनी लियोनी आखिरी बार शाहरुख खान की फिल्म रईस में नजर आई थी। इस फिल्म में उन्होंने एक आइटम नंबर किया था।